तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

# हरिभूमि बालोद भूमि

रायपुर, मंगलवार 23 अप्रैल 2024



12 भगवान महावीर स्वामी के बताए मार्ग पर चलना ही सच्ची प्रभु ...





11 निर्वाचन प्रक्रिया की सफलता में सेक्टर ...






## खबर संक्षेप

### हनुमान जन्मोत्सव आज जगह-जगह होंगे कार्यक्रम

**बालोद।** हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर आज जिले भर के सभी हनुमान मंदिरों में भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।



महाआरती के साथ हनुमान चालीसा, सुंदरकांड एवं रामायण का पाठ सहित महाप्रसादी भंडारा का आयोजन किया जाएगा। बजरंग दल, विहीप सहित अलग-अलग संगठन के लोग कार्यक्रम को लेकर तैयारी कर रहे हैं।

### हनुमान जन्मोत्सव

**जामगांव आर।** श्री हनुमान जन्मोत्सव 18वां वर्ष बाजार चौक जामगांव आर में आज मंगलवार 23 अप्रैल को भव्यता के साथ आयोजित किया जा रहा है। प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण, अभिषेक पूजा 10 बजे, महाप्रसादी 12 बजे होगी। रात्रि 9 बजे हार्दिक व्यास राजनांदगांव द्वारा भक्ति की अविरल ससंगित धारा प्रवाहित होगी। मुख्य यजमान मुरलीधर राठी ने रामभक्त शिरोमणि की जयंती का भरपूर आनंद और लाभ लेने का आग्रह किए है।

### बारातियों ने किया युवक पर प्राणघातक हमला

**भिलाई।** बरातियों द्वारा युवक पर प्राणघातक हमला करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने पांच युवकों के खिलाफ धारा 147, 148, 294, 307, 323, 324 , 34, 342 , 506 के तहत जुर्म दर्ज किया है। कुम्हारी पुलिस ने बताया कि वार्ड 16 परसदा निवासी रुपेश यादव के रिश्तेदार के यहां ग्राम मोहंदी में शादी में बारात आया था। इंदिरा नगर आंगनबाडी परसदा के पास बारात पहुची थी। इस दौरान बाराती नाचते गाते जा रहे थे। तभी नाचते गाते बारतियों के साथ किसी ने धक्का मुक्की कर दिया। इसी बात सो नाराज होकर मोंहदी से पहुचे बरातियों ने पीड़ित को के साथ गाली गलौज कर जान से मरने की धमकी देते हुए ब्लैड से वार कर हमला कर दिया। घटना में रुपेश को शरीर के विभिन्न हिस्सों में चोट आई है। विवाद में बचाव करने पहुचे चचेरा भाई धर्मेन्द्र यादव को भी बरातियों ने खींचकर लेकर गए और कमरे में लेकर जमकर पिटाई किया। हमला करने वालों का शिनाख्त किया गया। बरात में शामिल आरोपी गिरी राज यादव, प्रशांत यादव, बाबी वर्मा, वंशु यादव और मुकेश मंडावी ने हमला किया। सभी आरोपी मौके से फरार हो गए है। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### विवाद सुलझाने गए आरक्षक पर हमला

**भिलाई।** विवाद को शांत कराने पहुचे पुलिस वालों के साथ मारपीट कर शासकीय कार्य में बाधा पहुचाने का मामला सामने आया है।शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ पुलिस ने धारा 186, 332, 353, 427 के तहत जुर्म दर्ज किया है।कुम्हारी पुलिस ने बताया कि आरक्षक राकेश कुमार यादव डॉयल 112 में चीता वन में पदस्थ है। वाहन सीजी 03-7089 को चालक लाकेश साहू चला रहा था। 20 की रात को इवेंट डीआरजी 112 से सूचना मिली कि ग्राम परसदा में कुछ लोगों का विवाद हो गया। इवेंट मिलने पर कुम्हारी पुलिस ग्राम परसदा पहुंची जहां जयराम यादव के घर के पास भीड़ लगी हुई थी। मौके पर उपस्थित लोगों ने पुलिस को बताया कि विवाद में एक को काफी चोट आई है। उसे बेहोशी हालत में उपचार के लिए एम्स अस्पताल रायपुर ले जाया गया। भीड होने पर थाना की पेट्रोलिंग वाहन सीजी-03-6581 में आरक्षक चालक यशवंत साहू, बंटी सिंह भी मौके पर पहुचे। विवाद करने वाले बाराती गिरी राज यादव, प्रशांत यादव समेत उनके साथीगण रात को 12 बजे थाना ले जाने और माहौल शांत करने पेट्रोलिंग वाहन में बिठाया गया।

# मतदान कर्मियों के लिए अधिग्रहित की गईं बसें, यात्री हलाकान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

लोकसभा चुनाव के लिए मतदान कर्मियों तथा सुरक्षबलों को मतदान केंद्रों तक ले जाने यात्री बसों को अधिग्रहित किया गया है। जिसके कारण वर्तमान में यात्री बसों की संख्या कम हो गई है।

बालोद से दुर्ग, धमतरी, राजनांदगांव, कांकेर, भानुप्रतापपुर तथा चरामा की ओर जाने वाली अधिकांश बसों का अधिग्रहण किया गया है, जिसके चलते इन क्षेत्रों में जाने वाली बसों की संख्या कम हो गयी है। वहीं शादी का सीजन भी चल रहा है, जिससे कुछ बसें शादी बुकिंग में व्यस्त है। जिसके कारण यात्रियों को बस के आने का 10-15 मिनट का इंतजार अब घंटे भर तक करना पड़ रहा है। हालांकि वर्तमान में कुछ बसों के चलने से यात्रियों को कम परेशानी हो रही है, लेकिन दो दिनों बाद मुश्किलें और बढ़ जाएगी।

कुछ यात्री एक बस से उतर कर बस बदलते और अपने गंतव्य तक जाते दिखे।यह स्थिति लगभग सभी जगहों में देखने को मिल रही है। बस की कमी के कारण यात्री घंटों इंतजार करने से बचने के लिए बस स्टैंड पहुंचने से पहले ही सड़क पर ही एक बस से उतर कर दूसरे बस में चढ़ रहे हैं। वहीं बसों में यात्रियों की खचाखच भीड़ भी देखने को मिल रही है, जो भीषण गर्मी में और ज्यादा परेशानी उत्पन्न कर रही है।

कई प्रमुख मार्गों में घटी यात्री बसों की संख्या





**कार्यक्रम :** ग्राम गोड़ेला में मां कर्मा जयन्ती व आदर्श सामूहिक विवाह का हुआ आयोजन

# सीएम साय ने नवदंपति को दिया आशीर्वाद







हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

बालोद जिले के अर्जुन्दा में तहसील साहू संघ मोहंदीपाट द्वारा ग्राम गोड़ेला में जिला स्तरीय कर्मा महोत्सव एवं आदर्श विवाह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शामिल हुए। सीएम विष्णुदेव साय ने ख़ुशी जाहिर करते हुए कहा की समाज का यह पहल अनुकरणीय है।

श्री साय ने सभी नवदम्पति जोड़े को अपना आशीर्वाद देकर भविष्य की मंगलकामना की। इस दौरान समाज के प्रतिभावान बच्चों का भी सम्मान किया गया तथा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। श्री साय ने कहा कि भक्ति की शक्ति में इतनी ताकत है की माता कर्मा के समक्ष भगवान को प्रगट कर होना पड़ा।उन्होंने कहा कि अभी आचार संहिता के चलते वे कुछ घोषणा नहीं कर सकते, लेकिन चुनाव के बाद वे समाज की मांगों पर गंभीरता से कदम उठाएंगे। उन्होंने कहा कि छग में महतारी वंदन योजना बंद नही होगी।

छत्तीसगढ़ में बंद नहीं होगी महतारी वंदन योजना



**बेटियों को बढ़ाएं आगे :** प्रदेश अध्यक्ष टहल सिंह साहू ने वर-वधु को आशीर्वाद देते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में फैली बुराइयां दूर होती है। समाज के बनाए नियमों का कड़ाई से पालन करने की जरूरत है। दिखावे की प्रवृत्ति समाज के लिए घातक है। इसे रोकना होगा। उन्होंने समाज के सदस्यों से कहा कि मीटिंग रखकर अपने पदाधिकारियों को बताएं कि समाज के कौन-कौन से नियम में बदलाव करने चाहिए। नये नियमों का पालन करना चाहिए। आज हमें अपने बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार देना है साथ ही समाज में बेटियां अब हर क्षेत्र आगे बढ़ रही हैं। तहसील साहू संघ द्वारा मां कर्मा जयन्ती व सामूहिक आदर्श विवाह में सात जोड़े विवाह सूत्र में बंधे।

### समाज प्रमुख हुए शामिल

कार्यक्रम की अध्यक्षता टहल सिंह साहू प्रदेश संघ, गुंडरदेही के भूतपूर्व विधायक वीरेंद्र साहू, प्रीतम साहू पूर्व विधायक बालोद, विशिष्ट सलाहकार पवन साहू, हलधर साहू महामंत्री साहू संघ, रमेश सोनवानी, सरपंच ग्राम गौडेला रामेश्वर ठाकुर, सोमनलाल साहू, अध्यक्ष जिला साहू संघ एवं समस्त तहसील एवं ग्रामीणों ने कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों का भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर सोमन लाल साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ, बालोद उमाशंकर साहू अध्यक्ष तह. साहू संघ अर्जुन्दा, देवधर साहू अध्यक्ष परिक्षेत्रीय साहू मोहंदीपाट, पुरुषोत्तम साहू अध्यक्ष ग्रामीण साहू समाज गोड़ेला तहसील अध्यक्षगण मदन सोनबरसा बालोद, महेन्द्र साहू गुरुर, मानसिंह सार्वा गुण्डरदेही, नरेन्द्र हिरवानी देवरी राजेन्द्र साहू डौंडीलोहारा, सोमेश साहू डौंडी, युवराज साहू दल्लीराजहरा, स्वागताकांक्षी धिराजसिंह साहू, श्रीमती पंचकुमारी साहू, जितेन्द्र साहू, कृष्णा साहू, रामदयाल साहू, तोरणलाल साहू, विजय साहू, बंशीलाल साहू, परमानंद साहू, लिखन साहू ▶▶| शेष पेज 11 पर

# बच्चों को सप्ताहभर पहले मिली छुट्टी, गर्मी से राहत देने शासन की पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भीषण गर्मी की स्थिति को देखते हुए स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा स्कूली बच्चों को राहत देते हुए 1 मई से पहले ही ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित कर दिया गया। राज्य शासन द्वारा जारी आदेश के बाद 22 अप्रैल से ही बच्चों की छुट्टी हो गई। सोमवार को स्कूलों में बच्चे नहीं पहुंचे, हालांकि अन्य वर्षों की अपेक्षा सप्ताहभर पहले दी गई छुट्टी में शिक्षकों को राहत नहीं मिली है। राज्य शासन द्वारा आगामी 15 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित किया गया है।

- 22 अप्रैल से ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित, अब 16 जून को खुलेंगे स्कूल

प्रदेश सरकार के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश पत्र में कहा गया है कि वर्तमान में प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी व लू के कारण विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव की आशंका को दृष्टिगत रखते हुये राज्य शासन द्वारा शासकीय, अनुदान प्राप्त, गैर अनुदान प्राप्त, अशासकीय शालाओं में ग्रीष्कालीन अवकाश घोषित किया है। यह आदेश केवल विद्यार्थियों के लिए है।



आपको बता दें कि जिले में गर्मी चरम पर है, तापमान लगातार बढ़ते क्रम पर है जिसके कारण लोग सूर्य की तीखी किरणों से बचने के लिए लोग तरह-तरह के नुस्खे आजमा रहे हैं। सुबह से शाम तक तपती धूप और उमस भरी गर्मी से जहां लोग परेशान हैं, तो वहीं शाम होते ही तेज हवाओं के साथ मौसम में अचानक परिवर्तन हो जा रहा है। इसके कारण लोगों के स्वास्थ्य में खासा असर पड़ रहा है। जिला अस्पताल में ओपीडी की संख्या में भी बढ़ोतरी हो रही है। बीते एक सप्ताह की बात करें, तो ओपीडी 400 के पार पहुंच चुका है।

**डौंडीलोहारा विकासखंड पहुंचा प्रचार वाहन, ग्रामीणों को दी गई सुविधा की जानकारी**

# दिव्यांगों व बुजुर्गों को मतदान केंद्र तक जाने-आने के लिए मिलेगी वाहन सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अंतर्गत जिले के मतदान केन्द्र तक आने-जाने के लिए निःशुल्क परिवहन सुविधा प्रदान किए जाने के लिए शुरू किए गए दिव्यांग रथ का प्रचार वाहन सोमवार को डौंडीलोहारा विकासखण्ड पहुंचा।

प्रचार वाहन के माध्यम से डौंडीलोहारा विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों में भ्रमण कर लोगों को उक्त वाहन के माध्यम से मतदान दिवस पर मिलने वाली सुविधा का प्रचार-प्रसार किया गया। उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा की गई नई व्यवस्था के फलस्वरूप चलने-फिरने में असमर्थ दिव्यांगों एवं 80 वर्ष से अधिक की आयु के बुजुर्ग मतदाताओं को अब अपने मताधिकार के प्रयोग करने हेतु मतदान केन्द्र तक आने-जाने में किसी प्रकार की भी परेशानी नही होगी। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा की गई नई व्यवस्था के तहत इन मतदाताओं को अब 1950 नंबर डायल कर अपने नाम का पंजीयन कराने के पश्चात मतदान तिथि को उन्हें अपने मताधिकार के प्रयोग हेतु मतदान केन्द्र तक आने-जाने के लिए निःशुल्क परिवहन सुविधा प्रदान की जाएगी।









# संगवारी हेल्प डेस्क में लगाई गई महिला अधिकारियों की ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के सुगम संचालन के लिए मतदान कर्मी कल्याण प्रबंधन के अंतर्गत सामग्री वितरण और वापसी केन्द्रों में महिला मतदान कर्मियों के आवश्यक मार्गदर्शन एवं सहायता तथा स्वच्छ प्रसाधन, आवास, भोजन व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए विधानसभावार संगवारी हेल्प डेस्क में महिला अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

इसके अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 59 संजारी बालोद के लिए सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग रितु खरे को प्रभारी अधिकारी बनाया गया है। इसी तरह सहयोगी अधिकारी के रूप में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के उप अभियंता तृप्ति ठाकुर एवं प्रियंका धुरवे तथा कृषि उपज मंडी बालोद के उप निरीक्षक कीर्ति धलेन्द्र की ड्यूटी सहयोगी अधिकारी के रूप में लगाई गई है। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 60 डौण्डीलोहारा के लिए नगर पंचायत गुरूर के उप अभियंता लक्ष्मी रात्रे को प्रभारी अधिकारी बनाया गया है। इसके अलावा जल संसाधन विभाग मोंहदीपाट जलाशय के उप अभियंता स्वाति, जल संसाधन विभाग खरखरा जलाशय के उप अभियंता शारदा कुंजाम एवं कृषि उपज मण्डी बालोद के उप निरीक्षक दीपज्योति नेताम की ड्यूटी सहयोगी अधिकारी के रूप में लगाई गई है। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 61 गुण्डरदेही के लिए लोकस्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के उप अभियंता योगेश्वरी जोशी को प्रभारी अधिकारी बनाया गया है। इसके अलावा ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी दिप्ती साहू एवं सृष्टि अग्निहोत्री तथा कृषि उपज मंडी बालोद के उप निरीक्षक किरण ठाकुर की ड्यूटी सहयोगी अधिकारी के रूप में लगाई गई है।

**ग्रामीणों ने सरपंच पर लगाया काम नहीं करने का आरोप, जताई नाराजगी**

# गंदगी और बदबू से परेशान हैं खुर्सीपार के ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला मुख्यालय से करीब 8 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत मनौद के आश्रित ग्राम खुर्सीपार अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। यहां के ग्रामीण गांव की सफाई कराने मौखिक रूप से सरपंच को कई बार बोल चुके हैं, लेकिन अब तक समस्याओं को दूर नहीं किया गया है।

सबसे बड़ी बात यह है कि ग्राम पंचायत का भवन ग्राम मनौद में है, जबकि सरपंच आश्रित ग्राम खुर्सीपार का ही निवासी है, उसके बाद भी गांव में फैली गंदगी की साफ की पहल नहीं की जा रही है। इससे ग्रामीणों में सरपंच के प्रति रोष व्याप्त है। ग्राम खुर्सीपार स्थित शासकीय प्राइमरी स्कूल के सामने गंदगी फैली हुई है। स्कूल के पास ही सुलभ है, जो शराबियों का अड्डा बन गया है। वहीं, स्कूल के सामने ही गंदा पानी का जमाव इस कदर हो चुका है कि वह जगह दलदल में तब्दील हो गई है। ग्रामीण इस बदबूदार गंदगी से परेशान हो चुके हैं, तो वहीं स्कूल आने जाने वाले बच्चों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कुछ ग्रामीणों ने बताया कि गांव की समस्या के बारे में शिकायत करते हैं, तो सरपंच और उनके समर्थक नाराजगी व्यक्त करते हैं, जिससे हमें ही नुकसान उठाना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि स्कूल के पास गंदगी फैली हुई है, जहां से बदबू भी आ रही है। उसी के आस पास शराब की अवैध बिक्री भी होती है और शराब पीने वाले लोग स्कूल के बगल में स्थित सुलभ में जाकर शराब पीते हैं और कांच की खाली बोतल वहीं छोड़ देते हैं।







### शाम को शराबियों का जमावड़ा

ग्रामीणों ने बताया कि शाम 7 बजे से 9 बजे तक गांव में शराब की अवैध बिक्री होती है और शराबियों का माहौल भी रहता है। ग्रामीणों ने बताया कि इसके अलावा गांव में और भी कई सारी समस्या है। पेयजल की समस्या भी है। नल कनेक्शन के लिए बिछाए गए पाइपलाइन जगह जगह लीकेज हो गई है, जिसके कारण पीने का पानी सड़क पर ही व्यर्थ बहता है, लेकिन स्कूल के सामने फैली गंदगी की सफाई कराने की आवश्यकता है। इस मामले में ग्राम पंचायत सरपंच रोहित कुमार ठाकुर ने कोई जवाब नहीं दिया।

### वाहन चोर पकड़ाया

**भिलाई।** मकान के बाहर खडी एक्टिवा को चोरी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। नेवई पुलिस ने बताया कि 18 अप्रैल को आजाद मार्केट रिसाली निवासी चंदनलाल पटेल ने शिकायत किया है कि एक्टिवा सीजी 07 बीएल 3198 रखा था। अज्ञात ने वाहन को पार कर दिया। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरा का त्रिनयन ऐप के माध्यम से खंगालना शुरु किया। संदेही एचएससीएल कालोनी रुआबांधा सेक्टर निवासी उपेन्द्र कुमार गिरी उर्फ विजय के रुप में शिनाख्त हुआ। पूछताछ करने पर युवक ने वाहन को चोरी करना स्वीकार किया। उसके पास पुलिस ने वाहन को जब्त किया।


**पाठक सूचना**

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082

दल्लीराजहरा - 9993246100

# राजभवन में पीएम मोदी का रात्रि विश्राम, पांच लेयर में रहेगी सुरक्षा व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को छत्तीसगढ़ प्रवास पर आ रहे हैं। साथ ही प्रधानमंत्री इस दिन राजभवन में रात्रि विश्राम करने के बाद दूसरे दिन सरगुजा जाएंगे। प्रधानमंत्री के रात्रि विश्राम को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा की तैयारी तेज कर दी है। राजभवन के आसपास बैरिकेड्स लगाए जा रहे हैं। एसएसपी संतोष सिंह के मुताबिक प्रधानमंत्री की सुरक्षा को देखते हुए पांच से छह लेयर में सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी। साथ ही एसपीजी के जवान प्रधानमंत्री की सुरक्षा में अलग से तैनात रहेंगे।

एसएसपी के मुताबिक प्रधानमंत्री के राजभवन में रात रुकने पर यहां मार्ग को सील कर दिया जाएगा। साथ ही वैकल्पिक मार्ग के लिए रुट डायवर्ट किया जाएगा। राजभवन के अलावा आसपास के एरिया को सीसीटीवी कैमरों से लैस किया जाएगा। प्रधानमंत्री के आगमन को देखते हुए सभी होटल, धर्मशाला तथा लॉज में आने वाले विजिटर्स की पुलिस ने जानकारी मंगाई है। साथ ही शहर के एंट्री पाइंट की निगरानी बढ़ाने एसएसपी ने निर्देश दिए हैं।

**ड्रोन के लिए नो फ्लाइंग जोन :** पुलिस अफसर के मुताबिक प्रधानमंत्री के आगमन को देखते हुए राजभवन तथा आसपास के एरिया को सेनेटाइज कर किलेबंदी की जा रही है। प्रधानमंत्री की सुरक्षा को देखते हुए जमीन से लेकर आकाश तक निगरानी व्यवस्था की जाएगी। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री के आगमन को देखते हुए राजभवन के तीन किमी. के रेडियस को ड्रोन के लिए नो फ्लाइंग जोन घोषित किया गया है। उस दिन इस क्षेत्र में कोई ड्रोन नहीं उड़ा सकता।

**खास बातें**

- राजभवन के रेडियस में 3 किमी एरिया तक ड्रोन उड़ाने पर रोक
- प्रधानमंत्री के प्रवास को देखते हुए एयरपोर्ट जाने वालों के लिए दो घंटे पहले पहुंचने की एडवाइजरी



### फोर्स का डिप्लायमेंट

अफसर के अनुसार प्रधानमंत्री के रायपुर प्रवास होने के बाद उनके एयरपोर्ट से राजभवन पहुंचने के मार्ग में पुलिस फोर्स का एक्स्ट्रा डिप्लायमेंट किया जाएगा। साथ ही प्रधानमंत्री के राजभवन पहुंचने के मार्ग में लोगों की आवाजाही पर रोक रहेगी। लोगों को परेशानी से बचाने रुट डायवर्ट किया जाएगा।

### ट्रैवल्स एडवाइजरी जारी करेगी पुलिस

पुलिस अफसर के मुताबिक प्रधानमंत्री के प्रवास को देखते हुए हवाई मार्ग से सफर करने वाले लोगों को सुबह तथा रात के समय फ्लाइट पकड़ने परेशानी से बचने दो घंटे पहले घर से निकलने की सलाह दी गई है। प्रधानमंत्री एयरपोर्ट से जिस रुट से निकलेंगे। उस समय उस मार्ग को बंद कर दिया जाएगा। साथ ही एयरपोर्ट पहुंचने के लिए रुट डायवर्ट किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### 34 पौवा देशी शराब जब्त धरा गया कोचिया

**रायपुर।** असामाजिक तत्वों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत उरला पुलिस ने देशी शराब की अवैध बिक्री के आरोप में बजरंग नगर बीरगांव निवासी कालिया राउत को गिरफ्तार किया है। आरोपी क्षेत्र का पुराना बदमाश है, उसके खिलाफ पहले भी मामले दर्ज हैं। जांच के दौरान उसके पास से 34 पौवा देशी प्लेन शराब जब्त की गई है। आरोपी पर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

### अज्ञात बाइक सवारों ने किया चाकू से वार

रायपुर। आजाद चौक थाना क्षेत्र में अज्ञात बाइक सवारों ने साइंटिफिक किताबों के सप्लायर पर चाकू से हमला किया और मौके से फरार हो गए। पुलिस के अनुसार, बीती रात 8.45 बजे समता कॉलोनी में इमरान उमरानी पर बाइक सवार अज्ञात युवकों ने नुकीली चीज से वार किया और मौके से फरार हो गए। इमरान ने मामले की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस घटनास्थल के आसपास का सीसीटीवी फूटेज खंगाल रही है।

### थाने में हंगामा-तोड़फोड़ दो आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** मुजगहन थाने में हंगामा एवं तोड़फोड़ करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस द्वारा आसकरण गिलहरे निवासी अभनपुर को अवैध रूप से शराब बिक्री के आरोप में पूछताछ के लिए थाने लाया गया था। इसी दौरान रात्रि 11.55 बजे आसकरण गिलहरे के अन्य साथी सोनू पाल, राजा, कमल नारंग, सोनू कोसले, इंद्र कुमार गायकवाड़, मिथुन, राहुल गिलहरे, विजय गिलहरे, मोनू तारक, शेष राज गोंड़ व अन्य साथियों द्वारा थाने पहुंचकर हंगामा किया गया। पुलिस के खिलाफ नारेबाजी एवं उपस्थित पुलिस बल से झूमाझटकी की गई एवं थाना परिसर में रखे गमलों में तोड़फोड़ करते हुए थाने के मेनगेट में लगी स्टील की रेलिंग एवं टेबल कुर्सी को तोड़फोड़ कर शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाया। आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज किया गया। दो आरोपियों आसकरण और इंद्रकुमार को गिरफ्तार किया गया।

### कांशीराम नगर में मिली गंदगी, ठेकेदार पर 25 हजार जुर्माना

**रायपुर।** रायपुर नगर निगम के कमिश्नर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही ने कांशीराम नगर के नाले-नालियों का निरीक्षण किया। वहां भारी मात्रा में गंदगी पाए जाने पर सफाई ठेकेदार पर 25 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। डॉ. पाणिग्रही ने बताया, वहां नाले-नालियों की सफाई बहुत दिनों से नहीं की गई थी। हर जगह कचरे से अटी पड़ी थी। कचरे का उठाव भी नहीं किया जा रहा था। इस कारण से बड़ी मात्रा में गंदगी हो गई थी। सफाई कार्य में लगे कर्मचारियों की गिनती की गई, जिसमें 35 कर्मचारियों में से मात्र 22 कर्मचारी ही मौके पर पाए गए। ठेकेदार द्वारा सफाई कार्य में लापरवाही पर 25 हजार जुर्माना लगाया गया।

### वाहन चोर पकड़ाया

**रायपुर।** मकान के बाहर खडी एक्टिवा को चोरी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। भिलाई नेवई पुलिस ने बताया कि 18 अप्रैल को आजाद मार्केट रिसाली निवासी चंदनलाल पटेल ने शिकायत किया है कि एक्टिवा सीजी 07 बीएल 3198 रखा था। अज्ञात ने वाहन को पार कर दिया। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरा का त्रिनयन ऐप के माध्यम से खंगालना शुरु किया।

### लोकसभा चुनाव सहित बैठक व्यवस्था संबंधित कारणों से बदली गई हैं तारीखें

# रविवि ने बदले इतने टाइम-टेबल... थोक में छात्रों के पर्चे छूटे, प्रबंधन बोला- रहें अपडेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं. रविशंकर शुक्ल विवि के परीक्षा संबंधित बदलावों के कारण छात्र हलाकान हो गए है। कई छात्रों की परीक्षाएं इस कारण छूट चुकी हैं तो कई छात्र निर्धारित समय से विलंब से परीक्षा दिलाने केंद्रों में पहुंचे रहे। इसके कारण परीक्षा में छात्रों का प्रदर्शन प्रभावित हुआ है। उन्हें परीक्षा में फेल होने का डर सता रहा है। कई विद्यार्थी अवसाद में है। रविवि ने कई विषयों की परीक्षाओं में दो से तीन बार बदलाव किया है। इसमें लोकसभा चुनाव से लेकर महाविद्यालयों में बैठक व्यवस्था संबंधित कारण शामिल है।

- तारीखों के अलावा समय में भी बदलाव कर चुका है रविवि

हरिभूमि खास

इसके अलावा रविवि ने बाद समय परिवर्तन भी किया। दोपहर एक बजे होने वाली परीक्षा का समय बदलकर 12.30 कर दिया गया। इस कारण शुरुआती पर्चों में छात्र आधे घंटे देर से पहुंचे। हालांकि अधिकतर महाविद्यालय प्रबंधन ने मानवीयता दिखाते हुए छात्रों को परीक्षा में बैठने दिया, लेकिन लिखने के लिए आधे घंटे का कम समय मिलने के कारण कई सवाल छूट गए। शिकायत करने पर छात्रों को अपडेट रहने की सलाह दी जा रही है।

**केस 1**


*राजधानी की एक नियमित छात्रा का सेंटर कालीबाड़ी स्थित महाविद्यालय था। बीकॉम द्वितीय वर्ष के अंतर्गत कॉस्ट अकाउंटिग की परीक्षा पूर्व में 3 अप्रैल को ली जानी निर्धारित थी, लेकिन परीक्षाएं 2 अप्रैल को हो गई। छात्रा को इसकी जानकारी 2 अप्रैल को परीक्षा प्रारंभ होने के पूर्व हुई। परीक्षा समाप्त होने के 45 मिनट पूर्व वह महाविद्यालय पहुंची, लेकिन नियमतः छात्रा को परीक्षा दिलाने की अनुमति नहीं मिली। छात्रा ने परीक्षा छूटने की जानकारी अपने परिवार को नहीं दी है और अभी डिप्रेशन में है।*

**केस 2**

*बीकॉम द्वितीय वर्ष के ही अंतर्गत प्रिंसिपल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट की परीक्षाएं 8 अप्रैल को ली जानी थी, बाद में इस परीक्षा के लिए 6 अप्रैल की तारीख तय की गई। नियमित छात्रों को महाविद्यालय प्रबंधन के जरिए इसकी जानकारी मिल गई, लेकिन प्राइवेट छात्रों को इसकी सूचना नहीं मिल पाई। थोक में ऐसे छात्र रहे, जो 6 अप्रैल की जगह 8 अप्रैल को परीक्षा दिलाने पहुंचे।*

**केस 3**

*लगभग दो दर्जन छात्र परीक्षा छूटने संबंधित अपनी शिकायत लेकर रविवि पहुंचे। कुछ छात्रों ने कॉलेजों में भी अपनी शिकायत दर्ज करवाई है। ऐसे में छात्रों को प्रबंधन का जवाब था कि वे बदलाव और परीक्षा संबंधित सूचनाओं को लेकर अपडेट रहें। किसी तरह की कार्रवाई नहीं होने अथवा कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं होने के कारण छात्र साल बर्बाद होने को लेकर चिंतित हैं।*



### बोनस का प्रावधान नहीं, विलोपित होंगे सवाल

समय-सारिणी में परिवर्तन के अतिरिक्त प्रश्नपत्रों में हुई गलतियों ने भी इस बार छात्रों को परेशान किया। जानकारों के अनुसार, ऑर्डिनेंस में बोनस अंकों का प्रावधान नहीं है। ऐसे में गलत पाए गए सवाल विलोपित होंगे। इसके पश्चात शेष सवालों और उनके उत्तर से छात्रों का मूल्यांकन किया जाएगा। बीकॉम, बीबीए तथा हिंदी जैसे बड़ी छात्र संख्या वाले विषयों में भी रविवि द्वारा इस बार त्रुटि हुई है। इस संदर्भ में छात्रों द्वारा कई बार विवि प्रबंधन को ज्ञापन सौंपा जा चुका है, लेकिन रविवि ने अभी तक प्रश्नों के विलोपन के संदर्भ में कोई निर्णय नहीं लिया है। इसे लेकर भी छात्रों का एक बड़ा वर्ग परेशान है।

### प्रस्तावित समय-सारिणी को लेकर लापरवाही

रविवि द्वारा अंतिम समय-सारिणी तैयार किए जाने के पूर्व प्रस्तावित समय-सारिणी तैयार की जाती है। इस टाइम-टेबल को संबंधित महाविद्यालयों को भेजा जाता है। किसी तरह की त्रुटि होने पर महाविद्यालय प्रशासन को इसकी सूचना रविवि को देनी होती है। त्रुटि सहित अन्य दिक्कतें होने पर भी रविवि को सूचित करना होता है। इस आपत्तियों के निराकरण के बाद अंतिम समय-सारिणी रविवि द्वारा तैयार की जाती है। प्रस्तावित समय-सारिणी इस बार वायरल हो गई। कई छात्रों ने प्रस्तावित और अंतिम में फर्क नहीं कर पाए और प्रपोस्ड टाइम-टेबल के अनुसार ही वे परीक्षा दिलाने पहुंचे रहे। इसे लेकर भी सतर्कता नहीं बरती गई।

## 17 साल पुरानी लांड्री मशीन में धुलाई से फट रहीं चादरें नई मशीन चुनाव के बाद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पिछले सत्रह साल से लगातार आंबेडकर अस्पताल के उपयोग में लाई जा रही लांड्री मशीन में धोने से चादरें फट रही हैं, इसे देखते हुए नई मशीन खरीदने की तैयारी की गई है। लगभग 25 लाख रुपए की लागत से इस मशीन की खरीदी के लिए आचार संहिता के बाद टेंडर किया जाएगा।

- आचार संहिता हटते ही आंबेडकर अस्पताल प्रबंधन करेगा टेंडर

जानकारी के अनुसार राज्य सरकार ने अपने बजट में आंबेडकर अस्पताल की छोटी-मोटी जरूरतों को पूरी करने के लिए राशि स्वीकृत की थी, जिसमें लांड्री मशीन की खरीदी भी शामिल है। सूत्रों के अनुसार वर्तमान में आंबेडकर अस्पताल में मौजूद बेड की चादरें, चिकित्सकों तथा अन्य स्टाफ की वर्दी तथा कार्यालयों में उपयोग किए जाने वाले कपड़े धोने के लिए जिस मशीन का उपयोग होता है, वह काफी पुरानी है। लगातार काम करने की वजह से उसके मोटर में आए दिन खराबी आने लगी है। साथ ही इसमें धुलने वाले कपड़ों की लाइफ में कमी आने की शिकायत भी मिल रही है। चिकित्सा अधीक्षक एसबीएस नेताम के अनुसार मशीन खरीदी के लिए प्रक्रिया पूरी की जा रही है और आचार संहिता समाप्त होने के बाद टेंडर के माध्यम से नई मशीन की खरीदी की जाएगी।

# शहर में राहगीरों के लिए न छांव और न प्यास बुझाने ठंडा पानी, वॉटर एटीएम अब तक बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर में तेज गर्मी और चिलचिलाती धूप ने जहां शहरवासियों को बेचैन कर दिया है, वहीं दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों और आउटर की कॉलोनियों से कामकाज के सिलसिले में आने-जाने वालों की परेशानी ये है कि पब्लिक प्लेस के रास्ते में न धूप से बचने छांव का ठिकाना है और न सूखे कंठ को तर कर ठंडे पानी का इंतजाम। हैरानी की बात ये है कि अप्रैल का अंतिम सप्ताह शुरू होने को है, पर निगम प्रशासन इस बार शहर में प्याऊ घर की व्यवस्था अब तक नहीं कर पाया। नगर निगम द्वारा शहर के 15 जगहों पर लगाई गई वाटर एटीएम मशीन सालों से बंद पड़ी है, जिसकी मरम्मत और संचालन के लिए टेंडर के माध्यम से एजेंसी तय की गई, पर वर्कआर्डर प्रोसेस में है। राजधानी में तेज गर्मी और गर्म हवाओं से राहत देने के मामले में निगम प्रशासन चूक रहा है। रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, गोलबाजार, शास्त्री बाजार, सदरबाजार, मालवीय रोड सहित जोन दफ्तरों के आसपास अब तक प्याऊ घर शुरू नहीं हो पाए हैं। जबकि हर साल गर्मी के दिनों में स्वयंसेवी संस्थाओं, सामाजिक-धार्मिक संगठनों के साथ समन्वय कर गरीब व मध्यम परिवार को राहत देने नगर निगम प्याऊ घर की व्यवस्था करता है। इस बार निगम मुख्यालय से आयुक्त के आदेश के बाद भी शहर में गिनती के जगहों पर प्याऊ घर खुल पाए हैं, जो कि शहर की बसाहट और फ्लोटिंग पीपुल की संख्या के हिसाब से बेहद कम हैं।




### प्रोसेस में है वर्कआर्डर

15 लोकेशन पर बंद पड़ी वाटर एटीएम की मरम्मत कर इसके संचालन के लिए एजेंसी तय हो गई है। वर्कआर्डर प्रोसेस में है।

**- राजेश शर्मा,** अधीक्षण अभियंता, ननि रायपुर

### तीन जगह खोलेंगे प्याऊघर

पचपेड़ीनाका चौक, भाठागांव स्थित अंतर्राज्यीय बस स्टैंड समेत एक अन्य जगह पर प्याऊघर खोलेंगे, अभी प्याऊ घर खोले नहीं गए हैं।

**- रमेश जायसवाल,** कमिश्नर, जोन-6

### चार स्थानों पर प्रस्तावित

जोन-2 क्षेत्र में आंबेडकर अस्पताल के सामने प्याऊ घर खुल गया है। देवेंद्र नगर ओवरब्रिज के पास, जयस्तंभ चौक और रेलवे स्टेशन के बाहर स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से प्याऊ घर खोलना प्रस्तावित है।

**- आरके डोंगरे,** कमिश्नर, जोन-2

### दिए हैं निर्देश

सभी जोन अधिकारियों को पब्लिक प्लेस में जगह चिन्हांकित कर स्वयं के संसाधन अथवा एनजीओ के सहयोग से प्याऊ घर खोलने हेड आफिस से निर्देश जारी किए गए हैं।

**- विनोद पांडे,** अपर आयुक्त, ननि रायपुर

**शासन को प्रस्ताव बनाकर भेजेगा निगम**

# गजराजबांधा तालाब का होगा सौंदर्यीकरण भूजल स्तर रीचार्ज करने लगाएंगे सिस्टम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड के बोरियाखुर्द स्थित शहर प्राचीन गजराजबांधा तालाब के भूजल स्तर को रीचार्ज करने सिस्टम लगाया जाएगा। तालाब की सफाई, गहरीकरण, सौंदर्यीकरण के साथ ही आसपास प्रकाश की व्यवस्था करने प्रस्ताव बनाकर नगर निगम राज्य शासन को भेजेगा। वार्ड पार्षद उमा चंद्रहास निर्मलकर के साथ स्थानीय रहवासियों के प्रतिनिधिमंडल ने नगरीय प्रशासन मंत्री से मुलाकात कर राज्य शासन का ध्यान गजराजबांधा तालाब के संरक्षण की ओर दिलाया। इस संबंध में राज्य शासन ने नगर निगम के माध्यम से प्रस्ताव मंगाया है।

- 125 एकड़ में फैला तालाब, 5 गांवों की निस्तारी का स्रोत

नगर निगम जोन-10 क्षेत्र में शामिल बोरियाखुर्द के गजराजबांधा तालाब के संरक्षण और संवर्धन के लिए नगर निगम का योजना विभाग प्रस्ताव बनाकर शासन को मंजूरी के लिए भेजेगा। बोरियाखुर्द, डूंडा, कांदुल, सेजबहार, काठाडीह गांव के लोग इस तालाब के पानी से निस्तारी कर अपने खेतों की सिंचाई के काम में उपयोग करते रहे। पारंपरिक तालाब के पास नाले के माध्यम से आसपास के गांवों में खेतों की सिंचाई होती रही। बाद में रायपुर विकास प्राधिकरण ने कमल विहार योजना के तहत 104 एकड़ खाली जमीन को शामिल हुए 230 एकड़ क्षेत्र में गजराजबांधा तालाब सौंदर्यीकरण के साथ वहां पिकनिक स्पाट विकसित करने की योजना बनाई। इस दौरान 25 से 30 एकड़ क्षेत्र की जमीन पाटकर सड़क बनाने का ग्रामवासियों ने जमकर विरोध किया। योजना में खामियों के चलते प्रोजेक्ट फ्लॉप रहा। अबकी बार स्थानीय ग्रामवासियों के साथ मिलकर वार्ड पार्षद ने गजराजबांधा तालाब संरक्षित करने और उसकी भव्यता निखारने राज्य शासन का ध्यान आकर्षित कराया है।



### गहरीकरण पौधारोपण पर्यावरण संरक्षण

योजना विभाग के कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा ने बताया, गजराजबांधा तालाब के संरक्षण के लिए प्रोजेक्ट बनाकर काम करने की योजना है। बड़े आकार का तालाब होने से वहां ग्राउंड वाटर रीचार्ज करने सिस्टम लगाया जाएगा। इसके लिए कार्ययोजना बनाई जाएगी। इसमें तालाब की सफाई, गहरीकरण, भूजल स्तर बढ़ाने और तालाब के आसपास पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण किया जाएगा। तालाब सौंदर्यीकरण, प्रकाश व्यवस्था सहित प्राकृतिक जलस्रोत को कैसे सहेजा जाए, इस संबंध में भूजल वैज्ञानिकों और केंद्रीय भूजल बोर्ड के अधिकारियों के मार्गदर्शन में निगम आयुक्त के निर्देश पर प्रस्ताव तैयार होगा।

### महीनेभर पहले दिन में 3 बार दे रहे थे पानी, 15 दिन से शेड्यूल में कटौती

# 'जलसंकट' तीन टाइम पानी के प्लान की निकली हवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

जोन-5 कमिश्नरी क्षेत्र के महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड के दर्जनभर इलाकों में पानी का संकट गहरा गया है। पुरानी बस्ती थाने से लेकर लोहार चौक तक के क्षेत्र में जलसंकट से लोग परेशान हैं। ढीमरपारा, दानीपारा, मुरलीधर मंदिर के पास वाले क्षेत्र, गोवर्धन चौक, गजराज चौक, पटेल पारा, नवदुर्गा चौक, पर्थरापारा, गोपियापारा में पानी के लिए हाहाकार की स्थिति निर्मित हो गई है। एमआईसी सदस्य व वार्ड पार्षद जितेंद्र अग्रवाल ने जलसंकट जल्द दूर न करने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। दरअसल पुरानी बस्ती क्षेत्र में अमृत मिशन योजना के साथ ही रायपुर स्मार्ट सिटी ने 24 घंटे जल आपूर्ति के लिए 2 हजार नए कनेक्शन लोगों के घरों व दुकानों में दिए। महीनेभर पहले इन सभी कनेक्शनों में सुबह 6 बजे, 11 बजे और शाम 6 बजे जल आपूर्ति नियमित रूप से होती रही। पिछले पंद्रह दिनों से पानी आपूर्ति के शेड्यूल में कटौती के साथ ही जल आपूर्ति करने से वार्ड में पानी का संकट गहराया है। वहीं वार्ड के ही एक बोरवेल के पानी में हानिकारक बैक्टीरिया की आशंका से नागरिक इस पानी का पीने के लिए उपयोग करने से हिचक रहे हैं। नलों की धार पतली होने और जल आपूर्ति के शेड्यूल में कटौती से भी लोगों में खासी नाराजगी है।



**वॉल्व मैनेजमेंट में लापरवाही :** रायपुर स्मार्ट लिमिटेड के 24 घंटे पानी आपूर्ति प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारी का कहना है, उनके द्वारा 2 महीने पहले 24 घंटे पानी आपूर्ति की टेस्टिंग पूरी कर पानी आपूर्ति की जा रही है। इस लाइन में मोतीबाग टंकी से सप्लाई होती है। अब सारी गड़बड़ी केवल वॉल्व खोलने और बंद करने को लेकर हो रही है। यदि इसकी मॉनिटरिंग सही तरीके से हो तो जलसंकट की समस्या नहीं रहेगी।

### बर्तन लेकर पानी भरने उमड़ रही भीड़

जलसंकट प्रभावित इलाकों में नलों के सामने पानी भरने गुंडी, बाल्टी लेकर बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं अपनी पारी का इंतजार करते देखे जा सकते हैं। ऐसे में पानी टैंकर की डिमांड भी वार्ड पार्षद ने जोन कार्यालय और निगम मुख्यालय से की है। उनका कहना है कि वार्ड में अमृत मिशन की लाइन बैरनबाजार और ईदगाहभाठा पानी टंकी से कनेक्ट है। जबकि मोतीबाग पानी टंकी से रायपुर स्मार्ट सिटी की पाइपलाइन से पानी आपूर्ति की जा रही है। इस प्रकार 3 पानी टंकियों से जल आपूर्ति के बावजूद पानी की समस्या हो रही है।

# सांसद सोनी बोले- प्रियंका की आंखों पर अब भी पर्दा

**रायपुर।** रायपुर सांसद सुनील सोनी ने कहा, प्रियंका गांधी की आंख में आज भी भूपेश बघेल के भ्रष्टाचार के दिए पैसों का पर्दा पड़ा हुआ है, तभी वह सिर्फ वही देखती हैं, जो भूपेश कहते हैं, वही बोलती हैं, जो भूपेश बुलवाना चाहते हैं और इसलिए आज फिर उन्होंने सभा में भूपेश गाथा गाई, वही झूठ कहा, जो भूपेश उससे बुलवाना चाहते हैं। अगर भूपेश बघेल सरकार की योजनाएं इतनी ही अच्छी होतीं तो प्रचंड बहुमत से चुनी हुई सरकार पांच साल में ही क्यों बाहर हो जाती? श्री सोनी ने एकात्म परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा, भूपेश बघेल आज भी अपनी गलती का ठीकरा अपने विधायकों पर फोड़ रहे हैं, जबकि वे मुख्यमंत्री थे, तब उन्होंने जयसिंह अग्रवाल के भ्रष्टाचार के पत्र, मोहन मरकाम द्वारा उठाए गए डीएमएफ घोटाले का मामला और टीएस सिंहदेव द्वारा उठाए गए प्रधानमंत्री आवास के विषय को नजरअंदाज कर दिया था। इसीलिए कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं पूर्व विधायाक भूपेश और गांधी परिवार पर आरोप लगाकर कांग्रेस छोड़कर जा रहे हैं। उन्होंने कहा, लोकतंत्र में मतदान के अधिकार की बात करने वाली प्रियंका को अपनी दादी द्वारा लगाए गए आपातकाल के लिए माफी मांगनी चाहिए। श्री सोनी ने कहा, प्रियंका गांधी संविधान बदलने का डर दिखाकर वोट मांगने की कोशिश कर रही हैं, क्योंकि इन्हें डर है कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन के सारे भ्रष्टाचारी नेता जेल चले जाएंगे।

- भूपेश सरकार की योजनाएं अच्छी होतीं तो कांग्रेस सत्ता से बाहर क्यों होती

# नाई-धोबी-बढ़ई के लिए 90 लाख में बनवाईं दुकानें, चार साल से 'पौनी-पसारी' में सन्नाटा

## बिरगांव निगम क्षेत्र में पसरा लगाने वाले भी हाट-बाजार जाने के लिए तैयार नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बिरगांव नगर निगम सीमा में नाई-धोबी, बढ़ई, मनिहारी के व्यावसाय से जुड़े युवाओं को रोजगार देने की मुहिम चार साल से ठंडे बस्ते में है। निगम ने शासन के आदेश पर 90 लाख से ज्यादा खर्च करते हुए तीन जगह पौनी-पसारी के लिए दुकानें तो बनवा दीं, लेकिन इससे पहले बाजार की उपयोगिता नहीं जांची गई। व्यवसाय करने वालों से फीडबैक भी नहीं लिया, इससे बाजार बनने के बाद से खाली पड़ा हुआ है। कोई भी युवा पौनी पसारी में रोजगार के लिए दुकान खोलने तैयार नहीं हो रहा है। राजधानी से सटे बिरगांव नगर निगम में सुविधाओं का काफी अभाव है। यहां युवाओं को रोजगार देने उरकुरा, सरोरा और रावांभाठा में आबादी से दूर हाट-बाजार बनवाया गया, लेकिन यहां की दुकानें अब तक खाली पड़ी हैं। वार्ड के लोगों ने बताया कि दुकानें बनने के बाद भी यहां नाई, धोबी, बढ़ई, राजमिस्त्री तो दूर, सब्जी विक्रेता भी बैठने के लिए तैयार नहीं हैं। रात के अंधेरे में इसका फायदा नशेड़ी उठाते हैं। सुनसान इलाके में बाजार बनवाने से कोई लेने को तैयार नहीं है। इसके लिए तीन से चार बार प्रयास करने के बाद भी निगम के जिम्मेदार दुकानों का आवंटन नहीं कर पाए हैं। केवल शेड व चबूतरा होने से नाई, धोबी ही नहीं, बढ़ई, दर्जी तक बाजार में बैठने के लिए सहमत नहीं हो रहे, चूंकि उन्हें ग्राहकी नहीं मिल रही। दुकानों के निर्माण के बाद कई लोगों को बाजार में बैठाने का प्रयास किया गया, लेकिन स्थिति नहीं सुधर पाई है।

### सड़क तक फैलाया पसरा बाजार सुनसान

*निगम सूत्रों ने बताया कि उरकुरा में सड़क के आसपास पसरा लगाने वालों की वजह से आने-जाने वालों को परेशानी होती है। इसे देखते हुए सब्जी बेचने वालों को हाट-बाजार में जगह देने का भी प्रयास किया गया। आबादी से बाहर होने से वहां ग्राहकी नहीं मिलने की स्थिति को देखते हुए छोटे सब्जी विक्रेता भी चबूतरे, बिजली, सफाई और शेड की सुविधा मिलने के बाद भी बाजार में जाने के बजाय सड़क पर ही पसरा लगा रहे हैं।*



### चुनाव के बाद मांगेंगे जवाब

सरकारी फंड का हाट-बाजार बनवाने में दुरुपयोग किया गया है। नाई-धोबी, बढ़ई तो दूर, पौनी-पसारी में सब्जी विक्रेता तक बैठने के लिए तैयार नहीं है। चुनाव के बाद निगम से जवाब मांगेंगे।

- **ओमप्रकाश साहू**, नेता प्रतिपक्ष, ननि बिरगांव

### जल्द होगा आवंटन

सरकार की योजना के तहत दुकानें बनवाई गई हैं। इनका आवंटन करने के लिए नए सिरे से प्रक्रिया की जा रही है। जल्द ही इसे पूरा करने के बाद दुकानें आवंटित की जाएंगी।

- **बृजेश सिंह क्षत्रिय**, आयुक्त, ननि बिरगांव

### पीडब्ल्यूडी ने बनवाया बाजार

निगम के लोक निर्माण विभाग द्वारा की गई प्लानिंग के तहत 100 से ज्यादा युवाओं को स्थाई हाट-बाजार में बैठने के लिए शेड और चबूतरे बनवाए गए। यहां सब्जी विक्रेता और ग्राहकों के लिए पार्किंग की सुविधा भी है। इसके अलावा बिजली, पानी की सुविधा तथा लाइटें भी लगवाई गई हैं, लेकिन यहां लोगों के द्वारा चबूतरों का आवंटन नहीं लेने से सड़क के दोनों छोर पर पसरा लग रहा है। बाजार बसाने के लिए अब निगम ने प्रयास भी बंद कर दिया है।

## खबर संक्षेप

### हनुमान जयंती पर महाभंडारा और स्वास्थ्य शिविर आज

**रायपुर।** श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर लाहोटी मित्र मंडल ग्रुप द्वारा महाभंडारा और निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम पुरानी बस्ती स्थित महामाया मंदिर के सामने लाहोटी निवास में 23 अप्रैल को दोपहर 12 बजे प्रारंभ होगा। यह जानकारी देते हुए मित्र मंडल ग्रुप के संयोजक लक्ष्मीनारायण लाहोटी, कृष्णा लाहोटी एवं ग्रुप के मीडिया प्रभारी चेतन चंदेल ने बताया कि हनुमानजी की 17 किलो की पीतल की बड़ी मूर्ति है, जिसकी आकर्षक साज-सज्जा की जाएगी। इसके बाद अभिजीत मुहूर्त 11 बजकर 26 मिनट पर महाआरती के साथ भोग लगाया जाएगा। शिविर में डॉ. मनोज लाहोटी अपनी टीम के साथ आमजनों के स्वास्थ्य की जांच करेंगे।

### प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को मिले पुरस्कार



**रायपुर।** शिवम एजुकेशनल एकेडमी इंद्रप्रस्थ रायपुरा में पेरेंट्स फेस्ट-2 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में दादा-दादी और नाना नानी के लिए मेरी प्रतिभा (कहानी कथन), साथ ही अभिवावकों के लिए सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता हुई। इसके अलावा अग्निरहित भोजन बनाना, रंगोली, पुराने संसाधनों का उचित उपयोग आदि कार्यक्रम हुए। इस प्रतियोगिता के विजेताओं को मुख्य अतिथि ने पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र प्रदान किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष रामनारायण मिश्रा एवं विद्यालय प्रबंधन तथा विद्यालय के प्राचार्य विनोद पांडे समेत समस्त शिक्षक वृंद उपस्थित थे।

### चौबे कॉलोनी-सड्डू में निशुल्क समर कैंप 1 मई से

**रायपुर।** प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के शिक्षाविद सेवा प्रभाग द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विश्व शांति भवन चौबे कॉलोनी में 1 मई से एवं शांति सरोवर सड्डू में 2 से 12 मई तक समर कैंप आयोजित किया जाएगा। प्रवेश निशुल्क रखा गया है। शिविर के लिए पंजीयन फार्म चौबे कॉलोनी स्थित सेवाकेंद्र में निशुल्क उपलब्ध हैं। इसके अलावा टेलीफोन के माध्यम से भी पंजीयन कराया जा सकता है। समर कैंप का शुभारंभ आंजनेय विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. टी. रामाराव, इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल और रायपुर संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी संयुक्त रूप से करेंगी।

## पेज 9 का शेष

### समाज प्रमुख ...

लेखराम साहू, श्रीमती अंजनी साहू, प्रोफे. कमल राम साहू, दिनेश्वर साहू, उमाशंकर साहू तहसील अध्यक्ष, पंकज चौधरी, विनय साहू, पूर्व सरपंच मोहंदीपाट मुकेश साहू,पूर्व सरपंच देवरी द गोविंद्र साहू,वामन साहू, चुकेश्वर साहू ,देवधर साहू, केवल साहू, हरिशंकर साहू, शिव कुमार साहू, उषा साहू, पुष्पा साहू ,धरम बाई, तमेश्वरी साहू एवं समस्त पदाधिकारीगण जिला साहू संघ, बालोद एवं समस्त साहू ग्रामीण जन उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी पूर्व सरपंच व वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता देवरी द गोविंद्र साहू,पूर्व सरपंच मोहंदीपाट मुकेश साहू,समाजिक कार्यकर्ता मटिया पंकज चौधरी और ग्राम चीचा विनय साहू ने दी।

## बैठक : कलेक्टर ने बैठक लेकर कार्यों एवं दायित्वों के संबंध में दी जानकारी

# निर्वाचन प्रक्रिया की सफलता में सेक्टर अधिकारियों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि सेक्टर अधिकारी सम्पूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया की महत्वपूर्ण कड़ी है। उन्होंने कहा कि सफलतापूर्वक मतदान संपन्न कराने में सेक्टर अधिकारियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रवाल ने जिला पंचायत सभाकक्ष में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अंतर्गत नियुक्त किए गए जिले के सभी सेक्टर अधिकारियों की बैठक लेकर उन्हें कार्यों एवं दायित्वों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। जिससे की बालोद जिले में निर्विघ्न रूप से एवं सफलतापूर्वक मतदान संपन्न हो सके।

चन्द्रवाल ने सभी सेक्टर अधिकारियों को पूरे मनोयोग से प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने कार्यों एवं दायित्वों के संबंध में सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त करने को कहा। जिससे की उन्हें कार्य संपादन में किसी प्रकार की दिक्कत न हो सके। उन्होंने कहा कि निर्वाचन संबंधी कार्यों के अंतर्गत जिले में किसी भी स्थिति में लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति निर्मित नहीं होनी चाहिए। इसके लिए निर्वाचन संबंधी कार्यों को शत प्रतिशत सही एवं त्रुटिरहित ढंग से पूरा करना अत्यंत आवश्यक है। चन्द्रवाल ने सभी सेक्टर अधिकारियों को अपने अधिनस्थ सभी मतदान केन्द्रों के साथ–साथ संगवारी एवं दिव्यांग मतदान केन्द्रों का तत्काल निरीक्षण कर वहाँ सभी व्यवस्थाएँ सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

### अपने प्रभार वाले क्षेत्रों में मोबाइल नेटवर्क की भी जाँच कर लें

कलेक्टर ने सभी सेक्टर अधिकारियों को अपने–अपने प्रभार क्षेत्रों में मोबाईल नेटवर्क की भी जाँच करने के निर्देश दिए, ताकि मतदान के दौरान जानकारी प्रेषित करने तथा संपर्क स्थापित करने में किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने सेक्टर अधिकारियों को मतदान दिवस से 72 घण्टे पूर्व की तैयारियों के संबंध में भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने सेक्टर अधिकारियों को मतदान केन्द्रों में न्यूनतम आवश्यक सुविधाओं के अंतर्गत अपने प्रभार वाले सभी मतदान केन्द्रों में रैम्प, पेयजल, बिजली की सुविधा के अलावा शौचालय, छाया, पर्याप्त फर्नीचर आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

### वेब कास्टिंग दल और वीडियोग्राफी की भी लें जानकारी

इसके अलावा उन्होंने अपने जोन क्षेत्र के मतदान केन्द्रों पर नियुक्त माइक्रो आब्जर्वर, वेब कास्टिंग दल और वीडियोग्राफी की जानकारी भी एकत्र करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी सेक्टर अधिकारियों को अपने जोन क्षेत्र के रूट चार्ट के अनुसार मतदाताओं को लेकर जाने वाले वाहनों और संबंधित वाहन प्रभारियों की जानकारी भी प्राप्त करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रकांत कौशिक ने भी सेक्टर अधिकारियों को उनके कार्यों एवं दायित्वों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी।

### मतदान दलों के लिए सुनिश्चित करें पूरी व्यवस्था

बैठक के दौरान कलेक्टर ने सेक्टर अधिकारियों को मतदान दिवस से 48 घण्टे पूर्व की तैयारियों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां दी। इसके अंतर्गत उन्होंने सभी सेक्टर अधिकारियों को मतदान दलों के ठहरने, रात्रि विश्राम एवं भोजन की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। चन्द्रवाल ने मतदान दिवस से 24 घण्टे पूर्व की जाने वाली तैयारियों के संबंध में भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इसके अंतर्गत उन्होंने सेक्टर अधिकारियों को निर्वाचन सामग्री वितरण केन्द्र पर अपने जोन के सभी मतदान केन्द्रों के सभी पीठासीन एवं मतदान अधिकारियों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित कराने एवं सामग्री वितरण काउंटर से सामग्री प्राप्त करवा लेने के निर्देश भी दिए।

## भाजपा के पक्ष में वोट की अपील



**डौंडीलोहारा।** कांकेर लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग को विजयी बनाने व नरेंद्र मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने के लिए भाजपा कोई कसर नहीं छोड़ रहीं है। कांकेर लोकसभा में पार्टी ने लोकसभा स्तरीय संयोजक, सहसंयोजक, प्रभारी, सहप्रभारी, विधानसभा स्तरीय प्रभारी, सहप्रभारी सभी मंडलों में प्रभारी नियुक्त कर शक्ति केन्द्र व मतदान केंद्र अध्यक्ष व पन्ना प्रमुख तक गठन कर चुनाव पूरी सिद्दत से पार्टी लड़ रही है। जिसका कार्यकर्ताओं में उत्साह भी दिखाई दे रहा है। इसी तारतम्य में गुण्डरदेही विधानसभा के खेरथा मंडल के प्रभारी व जिला उपाध्यक्ष देवेन्द्र जायसवाल अपने प्रभार क्षेत्र में सघन जनसंपर्क कर कांकेर लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग को विजयी दिलाने एवं नरेंद्र मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने की अपील कर रहे हैं।

## स्मार्ट सिटी बनाने खोदी सड़क कॉलेजों का कनेक्शन कट परीक्षा के वक्त माथापच्ची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गड्ढों से हलाकान हो चुके शहर में अब खुदाई का असर परीक्षा संबंधित कार्य में भी पड़ने लगा है। महाविद्यालयों में इन दिनों वार्षिक परीक्षाएं चल रही हैं।

कालीबाड़ी स्थित महंत कॉलेज के आसपास के क्षेत्रों में वायर को अंडरग्राउंड करने कनेक्शन काट दिए गए हैं। इन्हें अंडरग्राउंड तो किया जा रहा है, लेकिन बगैर कोई वैकल्पिक व्यवस्था किए ही स्मार्ट सिटी ने यह कनेक्शन काटे हैं। इस कारण कॉलेजों में इंटरनेट कनेक्शन बंद हो गए हैं। परीक्षा संबंधित कई जानकारियां महाविद्यालयों को ई-मेल अथवा इंटरनेट संबंधित अन्य जरियों से देनी होती हैं। व्यवस्था नहीं होने के कारण महाविद्यालय के प्रोफेसर्स अपने पर्सनल फोन के डेटा का इस्तेमाल कर सभी कार्य कर रहे हैं।

इसके चलते कई तरह की समस्याओं का सामना उन्हें करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार, महंत कॉलेज सहित आसपास के कई कॉलेजों और स्कूलों का इंटरनेट कनेक्शन लगभग एक सप्ताह से बंद है।

## जनसंपर्क के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान, 4 विभूतियों को सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- **पीआरएसआई रायपुर चैप्टर ने मनाया राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस**



पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफ इंडिया (पीआरएसआई) रायपुर चैप्टर के सदस्यों द्वारा एक निजी होटल में रविवार को राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पद्मश्री भारती बंधु और टीम द्वारा प्रस्तुत कबीर भजन के माध्यम से हुई। पीआरएसआई ने जनसंपर्क के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए डॉ. दानेश्वरी सम्भाकर, रुखसार परवीन, सी. विद्धुम्न वाचस्पति भारती और पीयूष शर्मा को प्रमाणपत्र तथा स्मृति चिन्ह देकर समानित किया गया। इस मौके पर पूर्व आईएएस डॉ. सुशील त्रिवेदी ने सनातन मूल्य और उभरते भारत में जनसंपर्क की भूमिका विषय पर अपना व्याख्यान देते हुए कहा कि हम सनातन मूल्य की बात करते हैं तो उसका तात्पर्य उस हिंदू धर्म से है, जिसका पालन सामान्य हिंदू परिवार करते हैं। वैदिक ग्रंथों में जीवन मूल्य शब्द नहीं है, मूल शब्द अंग्रेजी की वैल्यू के कारण आ गया है। ग्रंथों में तो जीवन मूल्य का अर्थ पुरुषार्थ है। वैदिक ग्रंथों में जीवन मूल्य का अर्थ पुरुषार्थ की बात कही है, ये 4 प्रकार के हैं धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष। यही हमारे सारे संघर्ष के आधार हैं। जीवन की इच्छा और जीवनभोग इसी पर हमारा इमरजिंग इंडिया भी आधारित है। हमारी क्या जीवन इच्छा है और क्या जीवन भोग करना चाहते हैं। इसी आधार पर हम इमर्जिंग भारत की बात करते हैं।

## योगी के बयान पर कांग्रेस का पलटवार, कहा- भाजपा नक्सलियों की पोषक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बयान 'कांग्रेस की नक्सलवादियों से सांठगांठ है' पर कांग्रेस ने कड़ी आपत्ति जताई है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, योगी आदित्यनाथ का बयान बेतुका और झूठा है। सारा देश और छत्तीसगढ़ जानता है कि छत्तीसगढ़ में नक्सलियों की पोषक तो भाजपा रही है, जिसके 15 सालों के छत्तीसगढ़ के शासनकाल में नक्सलवाद बस्तर के 3 ब्लॉक से निकलकर राज्य के 14 जिलों तक पहुंचा। यहां तक तत्कालीन मुख्यमंत्री रमन सिंह के गृह जिले तक पहुंच गया था। कांग्रेस सरकार के पांच साल में तो नक्सलवादी घटनाओं में 80 प्रतिशत तक कमी आई थी तथा राज्य में शांति की बहाली हुई थी। भाजपा के नेताओं और नक्सलियों का नाता पुराना है। 15 सालों के रमन सरकार के दौरान भाजपा के अनेक बड़े नेता नक्सलियों के शहरी नेटवर्क के अंग बन गए थे।



- **40 प्रतिशत एडवांस कमीशन की सरकार चलाने वाले भ्रष्टाचार की बातें न करें : सुशील**

उन्होंने कहा, कांग्रेस से ज्यादा नक्सलवाद के दंश को कौन जान सकता है? भाजपा की नक्सलियों से सांठगांठ के कारण कांग्रेस ने अपने 31 नेताओं को खोया है। यदि उस समय भाजपा की सरकार ने कांग्रेस की परिवर्तन यात्रा को सुरक्षा मुहैया कराई होती तो कांग्रेस को इतना बड़ा नुकसान नहीं उठाना पड़ता। घटना के बाद भाजपा की सरकारों ने पूरा प्रयास किया कि झीरम नरसंहार की जांच न हो, इसके गुनाहगारों के नाम सामने न आएं।

## डैमेज कंट्रोल के लिए बनी कमेटी फिर भी पार्टी छोड़ रहे कांग्रेसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में मिली हार के बाद से ही कांग्रेस नेताओं का पार्टी छोड़ने का सिलसिला जारी है। अब डैमेज कंट्रोल के लिए समिति का गठन किया गया है, ताकि नेताओं से बातचीत कर उन्हें पार्टी में रोककर रखा जा सके। फिर भी पार्टी छोड़ने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। समिति गठित होने के बाद प्रदेश में करीब एक दर्जन से अधिक कांग्रेस नेताओं ने पार्टी छोड़ दी है। इधर प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने समिति बनने के बाद किए गए प्रयासों की जानकारी ली है। लोकसभा चुनाव के पहले कांग्रेस के कई नेताओं ने भाजपा प्रवेश कर लिया था। कांग्रेस नेताओं पर कई आरोप लगाने के बाद पार्टी से निष्कासित किए गए नेता भी पार्टी के भीतर ऐसा माहौल बनाने का प्रयास कर रहे हैं। चुनाव के दौरान कई नेताओं ने टिकट मांगा था, वहीं कई नेताओं को तवज्जो नहीं दिए जाने के कारण पार्टी में अंतर्कलह बढ़ने लगी। हाईकमान ने प्रदेश के वरिष्ठ नेता धनेंद्र साहू के नेतृत्व में बनी समिति में पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक और जिले के वरिष्ठ नेताओं को शामिल कर उन्हें उस क्षेत्र की लोकसभावार जिम्मेदारी दी गई। फिर भी इसका ज्यादा असर नहीं हो रहा है।

### सोरी, मौर्य, सीमा, वाणी समेत कइयों ने छोड़ी पार्टी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की जगदलपुर में सभा के पहले ही वहां के जिला अध्यक्ष सुशील मौर्य पार्टी छोड़ भाजपा में शामिल हो गए। कांकेर के पूर्व विधायक शिशुपाल सोरी ने पार्टी छोड़ भाजपा प्रवेश कर लिया। इसी तरह दुर्ग संभाग की कांग्रेस नेता सीमा बघेल ने पार्टी को दो पहले अलविदा कर भाजपा प्रवेश किया। वहीं पूर्व विधायक घनाराम साहू के बेटे सतीश साहू ने पार्टी छोड़ दी। बिलासपुर में वाणी राव ने भाजपा प्रवेश कर लिया। रायगढ़ से विवेक सिंघानिया, लखनलाल साहू, अमित सोनी और विजय सोनी कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हो गए। रायपुर लोकसभा से टिकट के दावेदार शंकरलाल साहू के अलावा संगठन के प्रदेश महामंत्री चंद्रशेखर शुक्ला, पुष्पेंद्र परिहार ने भी पार्टी छोड़ दी।

## कोंटा विधानसभा में 7 फीसदी बढ़ा मतदान, कवासी यहां के विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- **बस्तर में अधिक मतदान का फायदा किसे, इस पर हो रही चर्चा**



बस्तर में लोकतंत्र की ताकत ने बैलेट के माध्यम से एक बार फिर नक्सलियों की धमकी को बेअसर कर दिया। बस्तर लोकसभा सीट पर जनता ने बढ़-चढ़कर मतदान किया और पिछले लोकसभा चुनाव के आंकड़ों को पीछे छोड़ दिया। कोंटा से स्वयं कवासी लखमा विधायक हैं, वहां पर पिछले लोकसभा चुनाव के मुकाबले लगभग 7 प्रतिशत अधिक मतदान हुआ है। ज्यादा मतदान के बाद यह कयास लगाए जा रहे हैं कि इसका फायदा किसे मिलेगा। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आंकड़ों को देखें तो पता चलता है कि पिछले लोकसभा चुनाव के मुकाबले कोंटा, बीजापुर, नारायणपुर, बस्तर और दंतेवाड़ा में अधिक वोटिंग हुई है। वहीं चित्रकोट, कोंडागांव और जगदलपुर विधानसभा में कम मतदान हुआ। यहां पर 2 से 3 प्रतिशत तक मतदान अधिक होने और कम होने को प्रत्याशी से जोड़कर देखा जा रहा है। मतदान के बाद दूसरे दिन बस्तर लोकसभा सीट में आने वाली कुल आठ विधानसभा सीटों में मतदान के आंकड़े जारी किए गए।

विधानसभा चुनाव के बाद लोकसभा चुनाव में मतदान को लेकर भाजपा और कांग्रेस पार्टी गणित लगाने में जुट गई है। बस्तर में भाजपा ने 8 में से पांच विधानसभा क्षेत्रों में विजय पाई थी। 3 सीटें कांग्रेस के पास हैं। वहीं बीजापुर विधानसभा में 1 प्रतिशत अधिक मतदान हुआ है। कांग्रेस के कब्जे वाली चित्रकोट विधानसभा में वोटिंग प्रतिशत पिछले चुनाव के मुकाबले 1 प्रतिशत कम है। भाजपा का जिन विधानसभा पर कब्जा है, उनमें नारायणपुर, बस्तर, दंतेवाड़ा में मतदान प्रतिशत बढ़ा है।

### बस्तर में सबसे अधिक वोटिंग

जारी आंकड़ों में बस्तर विधानसभा में सबसे अधिक 83.34 फीसदी वोटिंग हुई। चित्रकोट विधानसभा में 76.07, कोंडागांव में 75.67, जगदलपुर में 75.52, नारायणपुर में 68.46, दंतेवाड़ा में 67.06, कोंटा में 54.44 और बीजापुर में सबसे कम 43.41 प्रतिशत वोटिंग हुई। यहां पर पिछले लोकसभा चुनाव में 66.03 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया था। इस बार यह बढ़कर 68.30 प्रतिशत हो गया। बस्तर लोकसभा सीट पर भाजपा और कांग्रेस के बीच मुख्य मुकाबला है। यहां भाजपा के महेश कश्यप और कांग्रेस से कवासी लखमा मैदान में हैं।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा नि:शुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

एकता हॉस्पिटल एवं पैथालॉजी सेंटर
सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल धमतरी
बिजली ऑफिस, नहर के पास, रायपुर रोड धमतरी मो : 7067576396, 8319272982
ESIC CARD सुविधा उपलब्ध
आईसीयू, एम्बुलेंस व डिजिटल एक्सरे सुविधाएं 24 घंटे उपलब्ध
हड्डी रोग
मस्तिष्क रोग
कार्डियोलॉजिस्ट
डेंटल एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जरी
प्लास्टिक सर्जरी
यूरोलॉजी की सुविधा उपलब्ध
आयुष्मान भारत से इलाज की सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप

### कांग्रेसी अपनी गलती की सजा भुगत रहे



अंडा। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस अपने कुकर्मों के कारण चुनाव हारे और दोष भारतीय जनता पार्टी की सरकार को दे रहे हैं। दुर्ग जिला भाजपा किसान मोर्चा महामंत्री अजीत चंद्राकर ने कांग्रेसियों द्वारा गौमाता गौठान संबंधित भाजपा के ऊपर आरोप लगाए जाने पर कहा कि गौठान बंद होने की मुख्य वजह खुद कांग्रेसी है। पिछले 5 वर्षों में छत्तीसगढ़ की सभी गौठानो को दलाली का अड्डा बनाकर रखा हुआ था। 5 साल गौ माता सड़कों पर घूमते रहे एक्सीडेंट होते रहा करोड़ों रुपए गौ माता के नाम से डकार गए, उसी का प्रतिफल है कि छत्तीसगढ़ की जनता ने कांग्रेस को नकार कर भारतीय जनता पार्टी के ऊपर भरोसा किया है। केंद्र सरकार की कई जन कल्याणकारी योजनाओं को 5 साल तक लागू नहीं किया, 18 लाख आवास को दबा दिया। नतीजा, 2023 में विधानसभा चुनाव हारे और 2024 में दुर्ग जिला रिकार्ड मतों से जीतकर विजय बघेल सांसद चुने जाएंगे।

### पीएम श्री विद्यालय जगतरा में 5वीं के बच्चों को दी गई विदाई



बालोद। पीएम श्री विद्यालय जगतरा में पांचवी क्लास के बच्चों को विदाई दी गई। सभी बच्चों को 6 वीं क्लास के लिए शुभकामनाएं दी गई। साथ ही न्योता भोज भी कराया गया। कार्यक्रम में संकुल समन्वय छोटे लाल चन्द्रकार, प्रधान पाठक हेमलता ठाकुर, अनुपमा चौबे, संगीत तिवारी, अन्नपूर्णा मंडावी, पदमनी साहू, सोहतरा प्रधान पाठक यादव विशेष रूप से उपस्थित थे।

### भाजपा को विजयी बनाने की अपील



गुरूर। युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष के आव्हान में जिला अध्यक्ष आदित्य पीपरे, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष मनीष साहू, जिला कार्यकारणी सदस्य राजेंद्र साहू, युवा मोर्चा मंत्री प्रमोद सिन्हा के साथ कार्यकर्ताओं द्वारा भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग के लिए गांव-गांव जाकर जन चौपाल लगाकर प्रचार-प्रसार कर कमल फूल पर बटन दबाकर विजयी बनने की अपील कर रहे है।

### बाइक सवारों ने किया महिला से चैनस्नेचिंग

भिलाई। महिला से चैनस्नेचिंग करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर बाइक सवार युवकों के खिलाफ पुलिस ने धारा 356, 379, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि बीती रात सिविक सेंटर मार्केट में ग्राम करेला निवासी विन्वा साहू शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रानीतरई में व्याख्याता के पद पर कार्यरत है। 20 अप्रैल को अपने परिवार के साथ खरीदारी करने सिविक सेंटर पहुची थी।

आयोजन : महावीर जन्म कल्याणक समिति द्वारा निकाली गई भव्य शोभायात्रा

# भगवान महावीर स्वामी के बताए मार्ग पर चलना ही सच्ची प्रभु भक्ति : संत सागर





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

भगवान महावीर स्वामी का जन्म दिन बड़े ही हर्षोल्लास पूर्ण वातावरण में संत ऋषभ सागरजी एवं ऋजुप्रज्ञ सागरजी म सा के सानिध्य में मनाया गया।

इस अवसर पर संत ऋषभ सागरजी ने कहा कि भगवान महावीर स्वामी ने आत्मा के कल्याण के लिए जो मार्ग बताया है, उसका पालन करते हुए उस मार्ग पर चलना ही सच्ची प्रभु भक्ति है, उन्होंने धर्म की परिभाषा की व्याख्या करते हुए कहा कि वस्तु का जो स्वभाव होता है, वही उसका धर्म होता है, जिस तरह अग्नि का स्वभाव गर्म एवं पानी का स्वभाव शीतल होता है उसी तरह आत्मा का स्वभाव प्रेम, दया और सरलता होता है। इसे ही आत्मसात करते हुए धर्म का पालन करना चाहिए। भक्ति का संबंध भावों से होता है शब्दों से नही। आज भगवान के जन्मदिन पर उन्हें गिफ्ट के रूप में यह संकल्प लें कि जिस परमात्मा को हम मानते हैं उनके लिए सप्ताह में कम से कम एक दिन उनकी आराधना के लिये अवश्य दे। उन्होंने संघ अध्यक्ष के माध्यम से उपस्थित समुदाय को इसका संकल्प दिलाया साथ ही जैन युवा शक्ति को इसका प्रभार सौंपा। आयोजन में मांगीलाल ढ़ेलडिया, मुकेश भंसाली, गोलू चौरड़िया, बाबूलाल ढ़ेलडिया, संजय ढ़ेलडिया, राहुल गोलछा, विनोद श्रीश्रीमाल, प्रमोद गोलछा, निशांत नाहर, लक्की लोढ़ा, शुभम श्रीश्रीमाल, महावीर बाफना, शुभम नाहटा, समकित सांखला, ऋषभ श्रीश्रीमाल, श्रेणिक कोठारी, दर्शन चौरड़िया, सुनीता सांखला, पूजा श्री श्रीमाल, दर्शिका लोढ़ा, सोनम श्री श्रीमाल, सोनम चोपड़ा, राखी श्री श्रीमाल, निकिता श्री श्रीमाल, मौसम बाफना का विशेष योगदान रहा।

#### सप्ताहभर हुए अनेक कार्यक्रम

महावीर जन्म कल्याणक समिति के अध्यक्ष ताराचंद सांखला के नेतृत्व में एक सप्ताह तक विभिन्न आयोजन हुए जिसमें जैनत्व ग्रूप, समता महिला मंडल, जैन युवा शक्ति तथा बहु मंडल ने विभिन्न प्रतिस्पर्धा के कार्यक्रम रखे तथा पुरस्कार दिए। इसी कड़ी में प्रतिदिन पेय पदार्थ का वितरण भी किया गया। पांची सिनेमा द्वारा जैन सम्प्रदाय पर आधारित फिल्म का निःशुल्क प्रदर्शन कराया गया। 20 अप्रैल को भगवान पार्श्वनाथ पर आधारित एक नाटक का मंचन हुआ, इसके लिए उज्जैन से एक नाट्य संस्था आई थी।

#### अंतिम दिन निकाली प्रभात फेरी

एक सप्ताह से चल रहे कार्यक्रम के अंतिम दिन सुबह प्रभात फेरी निकाली गई, 9 बजे भगवान महावीर की शोभायात्र निकाली गई, जिसमें बालोद तथा आस पास क्षेत्रे के जैन समुदाय के लोगों ने अपनी उपस्थित प्रदान की। इस शोभायात्र में पार्श्व दिव्यांग विद्या मंदिर के मुकबधिर बच्चे भी शामिल थे, यह स्कूल बालोद के सुल्तानमल सजनी बाई ट्रस्ट द्वारा संचालित है। शोभायात्र के सम्मान में माहेश्वरी समाज, मौर्या मंडल तथा आरकेसी ग्रूप द्वारा ठंडे पेय पदार्थ का वितरण किया गया। जुलूस समाप्ति के पश्चात महावीर भवन में व्याख्यान हुआ तथा इसके पश्चात गौतम प्रसादी का कार्यक्रम हुआ।

#### गायों को खिलाई गई गुड़-रोटी

दोपहर में जैन युवा शक्ति द्वारा जीव दया कार्यक्रम के अंतर्गत गौ शाला में गायों को गुड़ रोटी खिलाया गया। रात्रि में सामूहिक रूप से सामयिक एवं प्रभु भक्ति का कार्यक्रम हुआ। श्री संघ अध्यक्ष डॉ प्रदीप जैन एवं महावीर जन्म कल्याणक समिति के अध्यक्ष ताराचंद सांखला ने पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान करने वाले सदस्यों एवम पूरे आयोजनों में होने वाले ख़र्चों में सहयोग प्रदान करने सदस्यों के प्रति आभार प्रगट किया। उक्ताशय की जानकारी मंदिर समिति के सचिव रूपचंद गोलछा ने दी।

### भगवान महावीर वाले के साथ लगाना है : मरीजों को फल व बिस्कुट वितरित



बालोद। व्यसन मुक्ति अभियान के प्रणेता, दीक्षा दानेश्वरी, जिनशासन गौरव, संयम के सजग प्रहरी आचार्य भगवन 1008 श्री रामलाल जी म.सा. के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में श्रीसाधुमार्गी जैन संघ बालोद द्वारा जिला चिकित्सालय के ओपीडी, शिशु वार्ड, डिलीवरी वार्ड के मरीजों को फल, बिस्किट वितरित किया गया। जैन समाज द्वारा अपने देव, गुरु, धर्म के विभिन्न पर्व अवसर पर सकल जीवों के लिए जीव दया के अनेक कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। जिसमें फल, शरबत वितरण, रक्तदान शिविर, निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच एवं दवा वितरण शिविर, व्यसन मुक्ति शिविर आदि। तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के दिव्य संदेश जीयो और जीने दो एवं राम गुरु के व्यसन मुक्त हो सारा देश को लेकर जैन समाज धर्मके क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाता आ रहा है। गुरु रामेश जन्म दिवस पर फल वितरण कार्यक्रम में साधुमार्गी जैन संघ अध्यक्ष राजेश टाटिया, प्रकाश चंद नाहटा, ज्ञान चंद ललवानी, मंत्री सोहन नाहटा, सीए अनिल नाहटा, विजय पारख, श्रेणिक नाहर, समता महिला मंडल से ममता नाहटा, चंचल श्रीश्रीमाल, ज्योति श्रीश्रीमाल, रिया, श्रुति नाहटा, अनिता ढेलड़िया, शिखा बाफना, युवा संघ से आनंद बाफना, यश बुरड़, शुभम नाहटा, वकील साहब सुमित जैन आदि उपस्थित थे। आज के फल वितरण कार्यक्रम में जिला चिकित्सालय के वरिष्ठ सिविल सर्जन डॉ. श्रीमाली जी एवं चिकित्सा स्टाफ का सहयोग

### शासकीय विद्यालय कुम्हली में बच्चों ने भगवान महावीर का किया स्मरण



■ विद्यालय में जन्म कल्याणक महोत्सव पर हुआ कार्यक्रम

जामगांव आर। शासकीय स्कूल कुम्हली में भोजन के पहले भजन करते हुए बच्चों ने भगवान महावीर स्वामी का स्मरण किया। बच्चों एवं शिक्षकों ने भगवान महावीर के जन्म कल्याणक महोत्सव के अग्रिम दिवस मनाया।

जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर, दिव्य महापुरुष भगवान महावीर की जयंती शासकीय माध्यमिक एवं प्राथमिक विद्यालय कुम्हली में गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी मनाई गई। विद्यालय के उपस्थित छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों ने महावीर स्वामी की पूजा-अर्चना कर सद्मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

महावीर स्वामी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए मिडिल स्कूल की प्रधान पाठक प्रभा सिंह ने विद्यार्थियों को महावीर स्वामी के सिद्धांतों का अनुसरण करते हुए समाज में उच्च नैतिक मूल्यों की स्थापना करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में हिंसात्मक प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है, असत्य भाषण, नशाखोरी का साम्राज्य बढ़ते दिखाता है। ऐसे में भगवान महावीर का उच्चतम आदर्श ही हमें सुगम जीवन दिशा दे सकता है। प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक छन्नूलाल साहू ने कहा कि महावीर के बचपन का नाम वर्धमान था। गिरते हुए संस्कार की रक्षा के लिए वर्तमान में वर्धमान की आवश्यकता है। दिग्भ्रमित हो रहे मानव को महावीर जैसे ज्ञानी भगवंतों की अत्यंत आवश्यकता है। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षिका यशोदा नायक, शिक्षक हुषण चंद्राकर, पोषण लाल साहू उपस्थित थे।

## स्वामी आत्मानंद स्कूल का परीक्षा परिणाम जारी



डौंडीलोहारा। नगर के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम विद्यालय में परीक्षा परिणाम की घोषणा संस्था प्रमुख डीआर देवहरे, एनआर देशमुख, एमडी साहू, रोहिणी नायक, प्रीतम कंवर, मंजू ताम्रकार परीक्षा प्रभारी डीके साहू एवं सुश्री मनीषा, अभिषेक साहू एवं समस्त स्टाफ, छात्र छात्राएं व पालकगण की उपस्थिति में घोषित किया गया। जिसमें अंग्रेजी माध्यम 9 वीं का परिणाम 56%, कक्षा ग्यारहवीं विज्ञान संकाय का परीक्षा परिणाम 62%, वाणिज्य का परीक्षा परिणाम 54.17% रहा, जिसमे 9वीं का छात्र राहुल निषाद 91.60 % के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया 11वीं विज्ञान में गीतेशनाथ योगी, 83.8% के साथ प्रथम स्थान पर रहे। 11 वीं वाणिज्य संकाय में नियति आर्या 93.30%के साथ प्रथम स्थान पर रही । इसी प्रकार हिंदी माध्यम में कक्षा नवमी का परीक्षा परिणाम 54.41%जिसमे कु.उषा 81.83% लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया,कक्षा ग्यारहवीं विज्ञान संकाय का परिणाम 61% रहा जिसमें कु.प्रतिभा सिन्हा 77.8%के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया, वाणिज्य संकाय का परीक्षा परिणाम 57%रहा, जिसमे कु.कीर्ति 79.2% के साथ प्रथम स्थान पर रही,11वीं कला संकाय का परीक्षा परिणाम 55% रहा, जिसमे कु.संध्या ने 65.2% लेकर प्रथम स्थान पर रही । शाला परिवार द्वारा सभी उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## 130 से 180 तक पहुंची अरहर दाल की कीमत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

इन दिनों किराना दुकान में खाद्य सामग्री लेने पसीना छूटने लगा है। कथित तौर पर व्यापारियों द्वारा मुनाफाखोरी करने की बात सामने आ रही है। दरअसल महंगाई की मार की ऐसी हवा उड़ी है कि व्यापारी इसका फायदा उठाकर जमकर मुनाफाखोरी करने में लग गए हैं। जिला मुख्यालय में अलग अलग क्वालिटी के अरहर दाल चिल्हर में 130 रुपए से लेकर 180 रूपए तक बिक रहा है, जबकि ब्लाक मुख्यालयों व ग्रामीण क्षेत्रों में इससे भी अधिक कीमत लोगों को देनी पड़ रही है। दाल का चिल्हर व्यापारी स्टाक कर आम लोगों से प्रत्येक किलोग्राम में 10 से 20 रूपए मुनाफा कमा रहे हैं। यह स्थिति बीते करीब 10 दिनों से देखा जा रहा है, किराना व्यापारी अरहर के दाल सहित आलू और लहसुन में भी जमकर मुनाफाखोरी कर रहे हैं। पड़ताल करने पर जानकारी हुई कि थोक व्यापारी अच्छी क्वालिटी के अरहर दाल को 140 से 160 रूपए तक बेच रहे हैं, लेकिन चिल्हर में इसी दाल को किराना दुकान में 180 रुपए किलो तक बेचा जा रहा है। हालांकि व्यापारियों ने बताया कि सप्ताहभर पहले अरहर दाल के दाम में तेजी आई है। लेकिन यह तेजी 140–160 तक सीमित है। नई फसल आने के बाद कीमत में राहत की संभावना थी, लेकिन जमाखोरी के कारण कीमत फिर आसमान पर है।



#### दाल सहित अन्य खाद्य सामग्री भी महंगी

बात सिर्फ दाल की नहीं है, इसके अलावा चावल के दाम भी आसमान छू रहे हैं। चावल के साथ ही छोटे टुकड़ों वाला (खंडा) चावल भी पचास रुपए तक बिक रहा है। व्यापारियों की मानें, तो धान का समर्थन मूल्य बढ़ने के कारण चावल में पांच रूपए तक बढ़ोतरी दर्ज की गई है। चावल के आलावा आलू 5 रुपये बढ़कर अब 30 रुपए किलो बिक रहा है। लहसुन जो 145 से 150 रुपए किलो था वह अब 200 रुपये किलो बिक रहा है। शक्कर 37 रुपये से 42 रुपये में पहुंच गया। वहीं, उरद की दाल 130 रुपए किलो व चनादाल की कीमत 90 रुपए किलो बिक रही है।

#### जमाखोरी बेलगाम, स्टाक की भी जांच नहीं

सूत्रों से पता चला है कि व्यापारी खाद्य सामग्री का दाम बढ़ने का कारण बेमौसम बारिश को बता रहे हैं। जबकि इसका फायदा भी वे जमकर उठा रहे हैं। बाजार में न तो अफसर स्टाक की जांच कर रहे हैं और न ही स्टाक की लिमिट तय की गई है। जिम्मेदार विभाग के अधिकारियों द्वारा दुकानों में निरीक्षण नहीं करने से खाद्य सामान का दाम महंगा होने की बात करते हुए मुनाफाखोरी का धंधा फल-फूल रहा है।

## एनएसएस के नेशनल कैंप से लौटे गजेंद्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालोद के एमए समाजशास्त्र के छात्र गजेंद्र कुमार ढीमर जिनका चयन राष्ट्रीय एकीकरण शिविर राष्ट्रीय सेवा योजना नेशनल कैंप जो कि एफएम यूनिवर्सिटी बालेश्वरम उड़ीसा में आयोजित हुआ था, जहां उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए छत्तीसगढ़ की संस्कृति, लोकभाषा, लोककला और परंपरा को देश के विभिन्न राज्यों से आए स्वयंसेवकों के समक्ष प्रस्तुत किया। नेशनल कैंप से वापस लौटने पर महाविद्यालय और राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से उनका स्वागत किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रो.जीएन.खरे ने गजेंद्र ढीमर के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।

गजेंद्र ढीमर की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.जेके. खलखो, प्रो.सीडी. मानिकपुरी, प्रो. राघवेश पांडे, देवेंद्र कुमार साहू, चंद्रेश यादव, लक्ष कुमार साहू, राजेश बक्शी, सौरभ शर्मा, वंदना यादव, त्रिवेणी, तनुजा, कल्पना धनकर, दीपिका, तृप्ति, रश्मी ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

पानी के साथ शरबत का किया वितरण

## प्याऊ में स्काउट-गाइड दे रहे सेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद




बढ़ती गर्मी को देखते हुए स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय बालोद के प्राचार्य अरुण साहू एवं जनसहयोग से प्याऊ घर का संचालन किया जा रहा है। यहां भारत स्काउट्स एवं गाइड्स ने राहगीरों की प्यास बुझाने के लिए रोवर स्काउट द्वारा लगातार चौदहवें दिन शीतल जल का वितरण जारी रहा।

ज्ञात हो कि इस प्याऊ घर का उद्घाटन 9 अप्रैल को किया गया था। सोमवार को शीतल जल के साथ शरबत का भी वितरण किया गया। स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय बालोद के स्वामी विवेकानंद रोवर क्रू के सर्विस रोवर्स डोमेंद्र देवांगन, प्रवीण देवांगन, करण बघेल, चंदन साहू, गगनदीप साहू, देवकुमार और इनके प्रभारी नेमसिंह साहू द्वारा लगातार इस प्याऊ घर में सेवा दी जा रही है। प्याऊ घर के सफल संचालन और इस सेवा कार्य पर भारत स्काउट्स गाइड्स जिला संघ बालोद के समस्त पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया है।



यह कार्य छत्तीसगढ़ राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव एवं राज्य सचिव कैलाश कुमार सोनी के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी बालोद पदेन जिला कमिश्नर स्काउट पीसी मरकले एवं जिला सचिव केएल गजेन्द्र, डीओसी गाइड प्रेमलता चंद्राकर के मार्गदर्शन, सचिव विकासखंड बालोद रूपेन्द्र सिन्हा, रोवर स्काउट लीडर नेमसिंह साहू के नेतृत्व में किया जा रहा है।

